दिन– रविवार दिनांक– 08 / 10 / 2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 04:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

वायु सेना आज अपनी इक्यानवे–वीं वर्षगांठ उत्तरप्रदेश में प्रयागराज में मना रही है। इस अवसर पर बमरौली वायुसेना केंद्र में शानदार परेड का आयोजन किया गया। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने परेड की सलामी ली। इस अवसर पर थल सेना प्रमुख जनरल अनिल चौहान और मध्य हवाई कमान के जनरल ऑफिसर इन कमांड एयर मार्शल आर.जी. के. कपूर भी उपस्थित थे। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने एक परेड में वायुसेना के नए ध्वज का अनावरण किया। इसके लिए वायुसेना के पुराने ध्वज को उतारकर सम्मानपूर्वक वायुसेना प्रमुख को सौंपा गया। अब इस ध्वज को वायुसेना संग्रहालय में प्रदर्शित किया जाएगा। वायुसेना प्रमुख ने चार इकाइयों को प्रशस्ति–पत्र भी सौंपे। इनमें सोलह स्क्वाड्रन, एक सौ बयालीस हेलीकॉप्टर यूनिट, नौ सौ एक सिग्नल यूनिट और तीन बेस रिपेयर डिपो शामिल हैं।

इस अवसर पर वायुसेना प्रमुख ने कहा कि वायुसेना की शक्ति, शांति और युद्काल–दोनों में उपयोगी होती है। इसके लिए हमें नई तकनीकों को अपनाते रहना होगा ताकि हम उभरती चुनौतियों का मुकाबला कर सकें। एयर चीफ मार्शल श्री चौधरी ने बताया कि इस वर्ष के वायुसेना दिवस का विषय है–भारतीय वायुसेना–वैश्विक हवाईशक्ति। इस वर्ष वायुसेना ने मित्र देशों के साथ आठ अभ्यासों में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि वायुसेना में पुरुष और महिला अग्निवीरों के पहले बैच को शामिल किया गया है। इस वर्ष वायुसेना दिवस पर परेड का नेतृत्व, पहली बार, किसी महिला अधिकारी अर्थात् ग्रुप कैप्टन शालिज़ा धामी ने किया। पहली बार, महिला सैन्य कर्मियों की टुकड़ी परेड में शामिल हुई जिनमें अग्निवीर वायु महिलाएं भी शामिल रहीं। स्काई पैरा जंपर्स ने शानदार स्टंट से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

———————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वायु सेना के स्थापना दिवस पर वायु सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि वायु सेना नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि देश को इस बात का गर्व है कि हमारे पास इतनी मजबूत और साहसिक सैन्य शक्ति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि सेना की इस इकाई की वीरता और समर्पण पर पूरे देश को गर्व है।

———————————————————

केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने एशियाई खेलों में भारतीय टीम के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की सराहना की है। श्री ठाकुर ने कहा कि इस बार के खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने कई विश्व रिकार्ड तोड़े है। यह ऐतिहासिक घटना है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने खिलाड़ियों की सुविधाओं का ध्यान रखा। खिलाड़ियों के मजबूत संकल्प के बदौलत भारत ने सौ से अधिक पदक जीतने का कीर्तिमान बनाया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस पर पिछड़ा वर्ग का विरोध करने का आरोप लगाया है। आज बेगूसराय में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने ओबीसी की लिए कभी आरक्षण की बात नहीं सोची। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ओबीसी समुदाय को हमेशा आगे बढ़ाया गया है। श्री सिंह ने कहा कि जन धन योजना से लेकर अन्य सभी सरकारी कार्यक्रमों में ओबीसी का ध्यान रखा गया है।

सम्पूर्ण क्रांति आंदोलन के प्रणेता लोक नायक जयप्रकाश नारायण की आज पुण्यतिथि है। इस अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। पटना के जे.पी. गोलम्बर के पास राजकीय समारोह का आयोजन किया गया है, जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जे.पी. की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन में आयोजित समारोह में पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं, कदमकुआं स्थित जयप्रकाश नारायण के आवास पर चरखा समिति में सर्वधर्म प्राथना सभा का आयोजन किया गया।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान नदियों और पोखरों में डूबने से बाईस लोगों की मौत हो गई है। राज्य के नौ जिलों में जिउतिया के स्नान के दौरान ज्यादातर लोगों की मौत हुई है। मृतकों में अधिकांश बच्चे है। सबसे अधिक पांच लोगों की मृत्यु भोजपुर में जबकि चार लोगों की जहानाबाद में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना में तीन, रोहतास में तीन, दरभंगा में दो, नवादा में दो, मधेपुरा, औरंगाबाद और कैमूर जिले में एक–एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इन हादसों पर गहरा दुःख जताया है और मृतकों के निकटतम आश्रितों को चार–चार लाख रूपये की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है।

गोपालगंज जिले के कटैया में एक शराब तस्कर की मौत के बाद उपद्रवियों ने जम कर हंगामा किया और थाने में तोड़फोड़ की। बाद में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात होने के बाद स्थिति सामान्य हुई।

समापन

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।